


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 156 | इंदौर, गुरुवार 14 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Parliament: संसद सुरक्षा में चूक पर कार्रवाई, लोकसभा सचिवालय के आठ कर्मचारी निलंबित
2. Parliament Session: संसद में सुरक्षा चूक को लेकर विपक्ष का हंगामा, राजनाथ बोले- अराजकता ठीक नहीं
3. Maharashtra: 'मेरी हत्या हो सकती है', भुजबल ने किया दावा, कांग्रेस बोली- यह OBC-मराठाओं को लड़ाना चाहते हैं
4. UN: 'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद चिंताजनक स्थिति में फंसा', ग्लोबल साउथ थिंक टैंक में बोले UNGA अध्यक्ष
5. 'सादगी की मिसाल': विष्णुदेव साय के शपथ समारोह में PM मोदी ने खिसकाई टेबल, मदद के लिए आए नेता, वीडियो वायरल
6. Gaza: 'युद्ध के बाद हमारे बिना गाजा के लिए कोई भी योजना बनाना गलतफहमी होगी', इस्राइल को हमास प्रमुख की चेतावनी

# मैं रिटायर नहीं होने वाला : कमलनाथ

## अग्नि परीक्षा के लिए तैयार रहना होगा
## मंदिर-मस्जिद जाने से बेरोजगारी दूर नहीं होती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। मध्यप्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा, मैं रिटायर नहीं होने वाला। आखिरी सांस तक आपके साथ रहूंगा। आने वाले समय में हमारी असली अग्नि परीक्षा है। हमें इसके लिए तैयार रहना होगा। मंदिर-मस्जिद जाने से बेरोजगारी दूर नहीं होती। पीसीसी चीफ ने बुधवार को पांढुर्णा और सौंसर में धन्यवाद सभा को संबोधित किया। कमलनाथ ने कहा, 'छिंदवाड़ा के लिए जवानी समर्पित कर दी। अपना स्वास्थ्य नहीं देखा। अपना जीवन नहीं देखा। दिन-रात नहीं देखा। नतीजा- छिंदवाड़ा को दूसरे जिलों के लोग देखने आते हैं। यह विकास जारी रखना है।'**



बता दें कि विधानसभा चुनाव में 163 सीटें जीतकर भाजपा ने बहुमत हासिल किया, लेकिन पार्टी छिंदवाड़ा जिले में कमलनाथ का किला नहीं भेद पाई। यहां कांग्रेस ने सातों सीट पर कब्जा बरकरार रखा है।

बड़ी-बड़ी बातें करेंगे ये लोग

कमलनाथ ने सौंसर में कहा, '44 साल पहले मेरे राजनीतिक जीवन की शुरुआत सौंसर से ही हुई थी। तब से हमारा अटूट संबंध है। यह संबंध चुनावी नहीं है। आपकी इसी ताकत ने नया करने की प्रेरणा दी।' नाथ बोले, 'अब भाजपा फिर से बड़ी-बड़ी बातें करेगी। सरकार बन गई है। अब देखना बिजली के बढ़े हुए बिल आएंगे। किसानों का शोषण किया जाएगा।'

भावुक हुए, बोले- उम्मीद है प्यार मिलता रहेगा

पांढुर्णा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कमलनाथ भावुक हो उठे। उन्होंने कहा, 'मैं आखिरी सांस तक आपके साथ हूं। मैं छिंदवाड़ा की जनता के साथ खड़ा हूं। उम्मीद है कि जिस तरह से प्यार और विश्वास छिंदवाड़ा से मिला है, आगे भी ऐसे ही मिलता रहेगा। आने वाले समय में हमारी असली अग्नि परीक्षा है, जिसके लिए अभी से तैयार होना होगा।'

### कांग्रेस विधायक दल की पहली बैठक में कमलनाथ शामिल नहीं होंगे

मप्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को महज 66 सीटें मिल पाई हैं। ऐसे में कांग्रेस सरकार बनाने से चूक गई। अब कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष के चयन के लिए आज विधायक दल की बैठक बुलाई है। पीसीसी में गुरुवार सुबह विधायक दल की बैठक होगी। इस कमलनाथ शामिल नहीं होंगे। कांग्रेस पदाधिकारी का कहना है कि उनका कार्यक्रम छिंदवाड़ा जिले में पहले से तय है। बैठक में कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष भंवर जितेंद्र सिंह, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह शामिल होंगे।

### आदिवासी नेता बन सकता है नेता प्रतिपक्ष

बीजेपी ने ओबीसी वर्ग से मुख्यमंत्री बनाने के साथ ही सामान्य और अनुसूचित जाति वर्ग से एक-एक डिप्टी सीएम बनाए हैं। ऐसे में कांग्रेस में आदिवासी विधायक को नेता प्रतिपक्ष की कमान देने पर विचार हो रहा है। हालांकि, कांग्रेस में ओबीसी चेहरे के तौर पर विजयपुर विधायक रामनिवास रावत और ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाह के नाम भी चर्चा में हैं। वहीं, संसदीय मामलों में अनुभवी नेताओं के तौर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष और अमरपाटन से विधायक राजेंद्र कुमार सिंह को लेकर भी अंदरखाने विचार हो रहा है।

### आदिवासी नेताओं में इनके नाम शामिल

**उमंग सिंघार**- मप्र की पूर्व डिप्टी सीएम स्वर्गीय जमुना देवी के भतीजे और धार जिले की गंधवानी सीट से चौथी बार के विधायक हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव, एसटी कांग्रेस में राष्ट्रीय सदस्य के साथ ही झारखंड के सहप्रभारी रह चुके हैं।

**ओमकार सिंह मरकाम**- डिंडोरी से चौथी बार विधायक हैं। कांग्रेस की सेंट्रल इलेक्शन कमेटी के सदस्य हैं। अपने क्षेत्र से लेकर भोपाल तक सक्रिय और निर्विवाद छवि है।

**बाला बच्चन**- कमलनाथ सरकार में गृहमंत्री रहे। छठवीं बार के विधायक हैं। बड़वानी जिले की राजपुर सीट से विधायक बाला बच्चन कमलनाथ के करीबी हैं। कमलनाथ की पसंद का ध्यान रखा गया तो नेता प्रतिपक्ष बनाया जा सकता है।

# 1.64 करोड़ की वसूली के लिए सेंट रेफियल्स स्कूल पर कार्रवाई

## निगम की टीम ने स्कूल का कार्यालय और प्राचार्य कक्ष किया सील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर नगर निगम के द्वारा शहर के प्रतिष्ठित सेंट रेफियल्स स्कूल पर कार्रवाई की गई है। स्कूल पर संपत्तिकर का 1.64 करोड़ बकाया है। इस राशि की वसूली के लिए स्कूल के कार्यालय और प्राचार्य कक्ष को सील कर दिया गया है।**

लोक अदालत होने के बाद अब नगर निगम ने अपना पूरा ध्यान बकाया कर की राशि की वसूली पर लगा दिया है। इस सिलसिले में बड़े बकायादार पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। नगर निगम के द्वारा ऐसे बड़े बकायादार की संपत्ति को सील करने, जब्त करने और कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। इस कड़ी में नगर निगम के जोन क्रमांक 11 नेहरू स्टेडियम के सहायक राजस्व अधिकारी शैलेश कुमार के द्वारा अपने सहयोगी अधिकारियों के साथ जाकर ओल्ड सीहोर रोड पर स्थित शहर के प्रतिष्ठित सेंट रेफियल्स स्कूल पर कार्रवाई की गई है। इस स्कूल के कार्यालय और प्राचार्य कक्ष को सील कर दिया गया है। इस स्कूल पर संपत्ति कर के एक करोड़ 64 लाख रुपए बाकी है।

### स्कूल प्रबंधन से काफी समय से चर्चा की जा रही थी

इस राशि की वसूली के लिए नगर निगम की ओर से स्कूल प्रबंधन से काफी समय से चर्चा की जा रही थी। उन्हें यह समय भी दिया गया था कि वह लोक अदालत में इस राशि को जमा कर दें। इसके बावजूद जब स्कूल प्रबंधन के द्वारा राशि जमा नहीं कराई गई तो निगम की टीम के द्वारा जाकर यह कार्रवाई कर दी गई है। हाल के दिनों में नगर निगम के द्वारा की गई यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। ध्यान रहे की इस समय नगर निगम को पैसे की सबसे ज्यादा जरूरत है। ऐसे में निगम की ओर से बकायादार लोगों से टैक्स की राशि वसूल करने पर ध्यान दिया जा रहा है।

### अब होगी कार्रवाई तेज

अब नगर निगम के द्वारा बकाया दारों पर कार्रवाई तेज की जाएगी। इसके तहत जिस भी व्यक्ति अथवा संस्थान पर एक लाख रुपए से ज्यादा बाकी है उनके यहां जाकर संपत्ति को सील किया जाएगा। इस कार्रवाई के लिए निगम ने योजना बना ली है।

### स्कूल का पेमेंट ऑफिस भी सील

निगम के द्वारा की गई कार्रवाई में इस स्कूल का पेमेंट ऑफिस भी सील कर दिया गया है। इस पेमेंट ऑफिस में स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों के द्वारा आकर अपने बच्चों की फीस जमा की जाती है।

# अब तक छह मुख्यमंत्री, चार उप मुख्यमंत्री दे चुका है मालवा निमाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भाजपा ने उज्जैन से नव निर्वाचित तीन बार के विधायक डॉ. मोहन यादव को मप्र का नया मुख्यमंत्री बनाया है। भाजपा ने यादव को मुख्यमंत्री बनाने के साथ ही अपने सबसे मजबूत गढ़ मालवा-निमाड़ में जातीय समीकरण और संतुलन साधने की कोशिश भी की है।**

इसी कवायद में जगदीश देवड़ा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। मालवा-निमाड़ से भाजपा को विधानसभा चुनाव में 66 में से 47 सीट पर जीत मिली है और यही वजह है कि यहां से मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री के नाम पर शीर्ष नेतृत्व ने मुहर लगा दी। इससे पहले मालवा-निमाड़ प्रदेश को पांच




मुख्यमंत्री और तीन उप मुख्यमंत्री दे चुका है। हम बता दें कि वर्ष 2003 में भाजपा ने डॉ.मोहन यादव को बडनगर से टिकट दिया था , लेकिन विरोध होने पर वापस ले लिया। यादव ने इस बात का विरोध नहीं किया और पार्टी के प्रचार में लग गए। पार्टी ने टिकट काटा जरूर लेकिन जब सत्ता आई तो मोहन यादव को उज्जैन विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाया। डॉ.यादव पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष भी रहे हैं।

यादव मालवा-निमाड़ से छठवें मुख्यमंत्री मालवा-निमाड़ ने पहले भी मुख्यमंत्री दिए है। भगवंत राव मंडलोई, सुंदर लाल पटवा, वीरेंद्र कुमार सकलेचा, कैलाश जोशी, प्रकाश चंद सेठी मुख्यमंत्री रहे हैं। मालवा-निमाड़ भाजपा का गढ़ रहा है और यहां से जब-जब भाजपा को सर्वाधिक सीटें मिली है तब-तब भाजपा ने मप्र में सरकार बनाई है। पिछले 2018 के विधानसभा चुनाव में मालवा-निमाड़ में ही कांग्रेस सेंध लगाने में कामयाब हो गई थी और सरकार नहीं बना सकी। इस बार डॉ. मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाए जाने से अब मालवा-निमाड़ से छठवें हो गए हैं।

### मालवा-निमाड़ तीन उप मुख्यमंत्री दे चुका है

भाजपा ने मल्हारगढ़ (मंदसौर) से विधायक जगदीश देवड़ा को उप मुख्यमंत्री बनाया है। इसके पहले कसरावद से विधायक रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता सुभाष यादव, कुक्षी विधायक रहीं जमुना देवी और मनावर से विधायक रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता शिवभानु सिंह सोलंकी उपमुख्यमंत्री रह चुके हैं।

# रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 01 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर फोटो निर्वाचक नामावली का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। कार्यक्रम के अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी द्वारा इंदौर जिले के लिये विधानसभा क्षेत्रवार निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

## कटाक्ष




# त्रुटिरहित बिल एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए सघनतम प्रयास करेः तोमर

◆ मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक ने ली विभागाध्यक्षों की मिटिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बुधवार को विभिन्न विभागाध्यक्षों की मिटिंग ली। इसमें उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संतुष्टि ऊर्जा विभाग की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। इस दिशा में हर संभव प्रयास करें। उन्होंने कहा कि समय पर रीडिंग, गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति, त्रुटिरहित बिजली बिल के लिए सभी अधिकारी सघनतम प्रयास करें व परिणाम भी दिखाई दे। श्री तोमर ने कहा कि जहां ज्यादा ट्रिपिंग रिपोर्ट में आई है, वहां स्पेशल मैंटेनेंस ड्राइव चलाया जाए। आगे से ट्रिपिंग में कमी दिखाई देनी चाहिए। बिलिंग एफिशिएंसी और प्रति यूनिट नकद राजस्व संग्रहण की दिशा में भी सतत सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देना चाहिए। श्री तोमर ने मैंटेनेंस एवं ट्रांसफार्मर की लोकल रिपेयरिंग यूनिट के कार्यों की भी रिपोर्ट देखी एवं संबंधितों को निर्देशित किया। उन्होंने प्रोजेक्ट, ऑपरेशन, वर्क्स, कॉल सेंटर, मैंटेनेंस, स्टोर, विजिलेंस, आईटी, वाणिज्य एवं वित्त शाखा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मिटिंग में निदेशक श्री पुनीत दुबे, श्री सचिन तालेवार, मुख्य अभियंता श्री एसएल करवाड़िया, श्री एसआर बमनके, श्री आरके आर्य, श्री एसआर सेमिल, श्री बीएल चौहान,मुख्य वित्त अधिकारी श्री नरेंद्र बिवालकर आदि ने भी विचार रखे।

# श्री खाटुश्याम की भजन संध्या पर झूमे श्रद्धालुगण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अमावस्या के अवसर पर आजाद नगर बाहुल्य क्षेत्र में श्री यादव समाज आदर्श संगठन के अध्यक्ष गोपाल रसेन एवं परिवार द्वारा श्री खाटुश्यामजी की भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुसाखेड़ी से आजाद नगर तक चल समारोह भी निकाला गया। श्री खाटुश्यामजी का जगह-जगह फूलों द्वारा स्वागत किया गया। चल समारोह में बड़ी संख्या महिला, पुरुष व श्रद्धालु शामिल थे।

जानकारी देते हुए आयोजक गोपाल रसेन ने बताया कि इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री वासुदेव चन्द्रवंशी यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष मदन परमालिया, कृष्ण, अनिल, कमलेश, मनीष, प्रिंस, सोनू, शिव यादव शिव कर्दम, संजय जयंत, सुभाष वरुण, राजा वरुण, राजेंद्र यादव, ओमप्रकाश यादव, मुन्नालाल यादव आदि उपस्थित थे।

भजन संध्या में शिव-पार्वती एवं राधा-कृष्ण की वैषभुषा में कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। मुख्य रूप से पधारे मदन परमालिया ने मध्यप्रदेश में यादव समाज के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बनने पर बधाई दी।

# प्रवासी भारतीयों का एक दिनी सम्मेलन 17 को

◆ बहुत से एनआरआई ऑनलाइन जुड़ेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नगर निगम के द्वारा प्रवासी भारतीयों का एक दिन सम्मेलन 17 दिसंबर को आयोजित किया गया है। इस आयोजन में बहुत से एनआरआई ऑनलाइन जुड़ जाएंगे। पिछले वर्ष एनआरआई दिवस के अवसर पर भारत सरकार के द्वारा इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन का आयोजन किया गया था। उस सम्म-ेलन के एक माह पूर्व महापौर पुष्यमित्र भार्गव के द्वारा एक छोटे एनआरआई सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इस परंपरा को बरकरार रखते हुए इस वर्ष भी 17 दिसंबर को महापौर के द्वारा ब्रि- लियंट कन्वेंशन सेंटर में एकदिवसीय एनआरआई सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्मेलन के आयोजन की तैयारी प्रारंभिक रूप से शुरू हो गई है। सभी एनआरआई को सम्मेलन का निमंत्रण भेजा जा चुका है। बहुत से एनआरआई के द्वारा इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंदौर आने की भी स्वीकृति दे दी गई है। इसके अलावा बड़ी संख्या में एनआरआई इस सम्मेलन में ऑनलाइन जुड़ेंगे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव का मानना है कि इस तरह के सम्मेलन के आयोजन से यह एनआरआई अपने शहर इंदौर से जुड़े रह सकते हैं। हम उन्हें इंदौर में हो रहे विकास की जानकारी देते हैं तथा आने वाले समय में किए जाने वाले विकास में उन्हें सहभागी बनाने की कोशिश करते हैं।

# रोजगार मेले में 310 युवक-युवतियों को मिला रोजगार

◆ जिला रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेला सम्पन्न

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बुधवार को जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया । रोजगार मेले में कुल 15 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से प्रतिभागियों का चयन किया गया । इस रोजगार मेले में कुल 478 आवेदक/आवेदिकाओं का पंजीयन हुआ। 15 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा कुल 310 युवक-युवतियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिनमें 38 युवतियां और 272 युवकों का विभिन्न पदों के लिये चयन किया गया। कंपनियों द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव, पेकेजिंग, सहायक प्रबंधक, मार्केटिंग, लेखा सहायक, सुरक्षा गार्ड, टीम लीडर, टेलीकॉलर, रिशेप्शन, होम केयर, ट्रेनी, हेल्पर आदि पदों के लिए चयन किया गया। उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि रोजगार मेले में एसडी कन्सल्टेंट कंपनी में 14, चेनल प्ले कंपनी में 55, नेटसुर्प होम केअर में 18, शेफाली बिजनेस में 17, जस्ट डायल-13, विक्टरी टर्मिनल-15, मेन पॉवर सॉल्यूशन-47, रूपरंग स्टोर्स-15, रिलायबल फर्स्ट-27, डॉ. रेड्डी फाउंडेशन-45, भारती एयरटेल-06, केरियर कोच-09, एचडीएफसी बैंक-05, आईसीआईसीआई फाउंडेशन-20 और रिलांयस नीपोन कंपनी में 04 प्रतिभागियों का चयन रोजगार के लिये किया गया।

# अंतरराष्ट्रीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 24 को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन इंदौर में दिनांक 24 दिसंबर रविवार को स्थानीय पुखराज पैलेस फूटी कोठी में आयोजित किया जा रहा है। इस अंतरराष्ट्रीय परिचय सम्मेलन में संपूर्ण जैन समाज की उपजातियां के अविवाहित बालक बालिकाओं के लिए योग्य प्रत्याशी चयन हेतु अवसर उपलब्ध होंगे।शिरोमणि संरक्षक श्रीमती पुष्पा प्रदीप जी कासलीवाल के मार्गदर्शन में फेडरेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका, महासचिव विपुल बाँझल, मीडिया प्रभारी संजीव जैन संजीवनी ने बताया कि अभी तक इस परिचय सम्मेलन के लिए अप्रवासी भारतीय, एवं उच्च शिक्षित, प्रोफेशनल्स, डॉक्टर्स,चार्टेड एकाउंटेंट्स,इंडस्ट्रियलिस्ट, व्यवसायी एवम अन्य प्रोफेशनल्स बच्चों के करीब 1200 से अधिक प्रविष्टियां देश-विदेश से प्राप्त हो चुकी हैं। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन द्वारा परिचय सम्मेलन के मुख्य सूत्रधार श्री यशकमल जी अजमेरा जयपुर को मनोनीत किया गया है, सम्मेलन के राष्ट्रीय सूत्रधार हेतु श्री जे. के जैन (कोटा ) ,ममता जैन (रायपुर ) को मनोनीत किया गया है । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले प्रथम परिचय सम्मेलन के लिए प्रविष्टियां देने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर रखी गई है। सम्मेलन के मुख्य संयोजक प्रदीप गंगवाल इंदौर, राजीव गिरधरवाल भोपाल, प्रशांत जैन जबलपुर,संजय पापड़ीवाल,आशीष जैन सूत वाला, ऋषभ जैन इंदौर रीजन अध्यक्ष वितूल अजमेरा एवं सभी पदाधिकारी ने इस आयोजन को भव्यतम एवं सफल बनाने की अपील की है।

## यादव के मुख्यमंत्री बनने से

# इंदौर के रेल, नदी शुद्धिकरण, सड़क के प्रोजेक्टों को मिलेगी गति

**इंदौर। महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में पर्यटन बढ़ गया है। रोज हजारों पर्यटक महाकाल जाते है। उज्जैन के अलावा ओंकारेश्वर, इंदौर, मांडू और महेश्वर भी जाते है। नई सरकार इन चारों पर्यटन स्थलों को टूरिस्ट सर्किट के रुप में विकसित कर सकती है।**

इंदौर से 50 किलोमीटर दूर उज्जैन की शहरी विधानसभा सीट से चुनाव जीते मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने से इंदौर के विकास को भी गति मिलेगी,क्योंकि इंदौर और उज्जैन से जुड़े कई प्रोजेक्ट अभी जमीन पर नहीं उतर पाए थे, लेकिन अब नए मुख्यमंत्री के लिए यह काम प्राथमिकता में रहेंगे। इंदौर से बहने वाली शिप्रा नदी उज्जैन के बाद चंबल नदी में मिलती है। शिप्रा नदी के शुद्धिकरण के लिए अभी इंदौर और उज्जैन में अलग-अलग प्रोजेक्ट बनाए जाते थे, लेकिन अब दोनो शहरों को मिलाकर एक समग्र प्रोजेक्ट बन सकता है और जमीनी स्तर पर नदी को शुद्ध करने के काम तेज हो सकते है। इसके अलावा इंदौर से जुड़े अन्य प्रोजेक्टों को भी गति मिल सकती है। इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो रुट बनाने की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कर चुके है। मोहन यादव उज्जैन के है और वे खुद चाहेंगे कि दोनो शहरों के बीच मेट्रों का काम जल्दी शुरू हो। उनकी रुचि के चलते इंदौर और उज्जैन की मेट्रो से कनेक्टिविटी हो सकती है। इसके अलावा हाल ही में इंदौर से उज्जैन के बीच वंदे मेट्रो ट्रेन के संचालन की घोषणा पर भी जल्दी अमल हो सकता है। इंदौर शहर का फैलाव काफी हो चुका है। सांवेर तक बसाहट होने लगी है। उधर उज्जैन शहर में भी बसाहट इंदौर रोड की तरफ बढ़ रही है। इंदौर, उज्जैन और देवास को मिलकर मेट्रो पॉलिटन अर्थारिटी बन सकती है।



### टूरिस्ट सर्किट के काम में भी तेजी

महाकाल लोक बनने के बाद उज्जैन में पर्यटन बढ़ गया है। रोज हजारों पर्यटक महाकाल जाते है। उज्जैन के अलावा ओंकारेश्वर, इंदौर, मांडू और महेश्वर भी जाते है। नई सरकार इन चारों पर्यटन स्थलों को टूरिस्ट सर्किट के रुप में विकसित कर सकती है। पहले भी इसकी योजना बनाई गई, लेकिन उस पर काम नहीं हुआ। मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद इस काम में गति मिल सकती है। इसके अलावा इंदौर उज्जैन को छह या आठ लेन करने और इंदौर से शिप्रा होकर बांगड़ तक बनने वाली सड़क के काम में भी तेजी आ सकती है।

## 16वीं किश्त हेतु ई-केवाईसी की कार्रवाई शुरू

इन्दौर। इंदौर जिले में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किश्त हितग्राहियों को प्रदान करने के लिये आधार/बैंक खाता लिकिंग, ई-केवायसी एवं लैंड लिंक की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। इसी दिशा में अपर कलेक्टर इंदौर द्वारा उक्त कार्य हेतु जरूरी कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिये सभी अनुविभागीय अधिकारियों तथा समस्त तहसीलदार/नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं। दिये गये निर्देशों के तहत सभी ग्रामों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत/वार्ड/जोन कार्यालय में कार्रवाई हेतु लंबित हितग्राहियों की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाएगी। ग्राम हेतु नोडल अधिकारी डोर टू डोर पात्र हितग्राहियों से संपर्क कर कार्यवाही पूर्ण करेंगे।

# होटल रेडिशन ब्ल्यु पर कचरा फैलाने पर चालानी कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। शहर मे चलाये जा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में कचरा व गंदगी फैलाने वालो के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करने के समस्त स्वास्थ्य अधिकारी व सीएसआई को निर्देशित किया गया था, इसी क्रम में कचरा-गंदगी पाये जाने पर चालानी कार्यवाही की गई।**

महापौर श्री भार्गव व आयुक्त श्रीमती सिंह के निर्देशानुसार अपर आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भाटिया के निर्देशन में झोन क्रमांक 7 में सीएसआई संजय घांवरी द्वारा होटल रेडिशन ब्ल्यु द्वारा कचरा फैलाने पर चालानी कार्यवाही की गई। विदित हो कि झोन क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय दरोगा ने सीएसआई को बताया कि अज्ञात टैक्टर द्वारा बायापास के पास खुले स्थान पर बडी मात्रा में कचरा डाला जा रहा है, इस पर सीएसआई श्री घांवरी द्वारा मौके पर जाकर देखा तो टैक्टर द्वारा बडी मात्रा में कचरा खुले स्थान पर डाला जा रहा है, इस पर सीएसआई श्री घांवरी द्वारा मौका स्थल पर ही कचरे में पडे दस्तावेज को देखा तो उसमें सारे दस्तावेज जैसे बिल, रसीद व होटल की अनुपयोगी चप्पले आदि विजय नगर क्षेत्र में स्थित होटल रेडिशन ब्ल्यु की होना पाई गई।

इस पर अपर आयुक्त श्री जैन, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भाटिया के निर्देशन में सीएसआई श्री घांवरी द्वारा होटल रेडिशन ब्ल्यु के प्रबंधक को समस्त कचरा फैंकने के संबंध में व इस प्रकार का शहर में कचरा व गंदगी फैलाने पर रुपए 20 हजार का स्पॉट फाईन कर राशि वसुल की गई, साथ ही जिस टैक्टर के माध्यम से कचरा फैका जा रहा था, उस टैक्टर पर भी रुपए 5 हजार की स्पॉट फाईन कर कुल राशि रुपए 25 हजार की चालानी कार्यवाही की गई।

# बकरी ने एलियन जैसी शक्ल के बच्चे को दिया जन्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक परिवार के यहां एक बकरी ने अजीब से चेहरे वाले बच्चे को जन्म दिया है। चेहरा फिल्मों में दिखाए जाने वाले एलियन्स की तरह है। बकरी का बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ्य है। वहीं, लोगों की भीड़ इस बच्चे की अजीबोगरीब सी शक्ल को देखने उमड़ रही है। चंदन नगर में रहने वाले अनवर खान बकरी पालन का काम करते हैं। और इसके साथ ही मजदूरी करने भी जाते हैं। बुधवार सुबह जब खान की बकरी ने दो बच्चों को जन्म दिया तो उसमें एक मादा और एक नर बच्चा था। बकरी ने भी शुरू में तो अजीब शक्ल वाले बच्चे को देखकर प्रतिक्रिया नहीं दी। लेकिन फिर उसे दुलार करने लगी। इस वाक्ये को सुनकर चंदन नगर के आसपास के लोग बकरी को देखने अनवर के घर पहुंचने लगे। अनवर ने बताया कि ज्यादा लोग पहुंचने से दिक्कत तो हो रही है लेकिन अच्छा भी लग रहा है कि इस बहाने वह फेमस हो रहा है। अनवर और उसके परिवार ने बकरी का नाम रानी रखा है। अनवर ने बताया कि बकरी मालवी नस्ल की है। वहीं लोग कह रहे हैं कि इस तरह से दिखने वाला बकरी का बच्चा संभवत मध्यप्रदेश में पहली बार देखा गया है।



## रोजगार मेले में 310 युवक-युवतियों को मिला रोजगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बुधवार को जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया । रोजगार मेले में कुल 15 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से प्रतिभागियों का चयन किया गया । इस रोजगार मेले में कुल 478 आवेदक/आवेदिकाओं का पंजीयन हुआ। 15 कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा कुल 310 युवक-युवतियों का प्रारंभिक रूप से चयन किया गया। जिनमें 38 युवतियां और 272 युवकों का विभिन्न पदों के लिये चयन किया गया। कंपनियों द्वारा सेल्स एग्जीक्यूटिव, पेकेजिंग, सहायक प्रबंधक, मार्केटिंग, लेखा सहायक, सुरक्षा गार्ड, टीम लीडर, टेलीकॉलर, रिशेप्शन, होम केयर, ट्रेनी, हेल्पर आदि पदों के लिए चयन किया गया।

## सीएम ने बकाया बिल स्थगित करने की घोषणा की थी

### लोगों ने बिजली बिल भरना बंद किया, अब लाइन कटने का डर सता रहा

**बुरहानपुर।** दरअसल, चुनाव से पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अगस्त तक के बकाया बिजली बिल स्थगित करने की घोषणा की थी। इसका असर यह हुआ कि लोगों ने अगले महीनों के बिल भरना भी बंद कर दिए। बुरहानपुर शहर में 28 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं पर बिजली कंपनी का 11 करोड़ 65 लाख रुपए बिल बकाया है। हालात यह है कि लोगों ने सितंबर से बिल भरना ही बंद कर दिए। इन बकायादारों में घरेलू, व्यावसायिक और औद्योगिक सहित सरकारी विभागों के कनेक्शन भी शामिल हैं। शहर में बिजली कंपनी के 68 हजार से ज्यादा उपभोक्ता हैं। इनमें सभी तरह के उपभोक्ता शामिल हैं। इनमें घरेलू उपभोक्ता 54 हजार 873, व्यावसायिक 8 हजार 243, औद्योगिक 4845 और नगर निगम सहित अन्य सरकारी विभाग तथा अन्य उपभोक्ता हैं। इनमें से 22 हजार 808 घरेलू, 3273 व्यावसायिक और 1924 औद्योगिक बकायादारों पर 11 करोड़ 65 लाख रुपए का बिल बाकी है। चुनावी सरगर्मी और आचार संहिता के कारण बिजली कंपनी बिलों की वसूली नहीं कर पा रही थी। अब आचार संहिता हटते ही अभियान शुरू कर सख्ती के साथ बकाया बिलों की वसूली की जा रही है।

# शिवराज मंच पर आए तो गूंजे नारे

## मोदी ने मोहन का हाथ पकड़कर दिखाई कुर्सी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। 13 दिसंबर, दिन बुधवार, समय- सुबह 11:30 बजे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्थिर लग्न और शुभ चौघड़िया में पद और गोपनीयता की शपथ ली। सब कुछ तय था। समारोह राजधानी भोपाल के मोती लाल नेहरू स्टेडियम में होना था। इसे लेकर सुबह से सियासी गहमागहमी थी।**

समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ समेत कई बड़े दिग्गज नेताओं के आने का सिलसिला शुरू हुआ। डॉ. मोहन यादव पर मीडिया की नजर थी। मंदिर में दर्शन करने, बीजेपी दफ्तर जाने और बड़े नेताओं से मिलने की गतिविधियां लाइव चल रही थीं। मंच पर शपथ के दौरान एक ऐसा लम्हा आया, जब प्रधानमंत्री मोदी ने यादव का हाथ पकड़कर कुर्सी की तरफ इशारा किया। इससे पहले जब शिवराज मंच पर आए तो मामा-मामा के नारे गूंजने लगे।

### मोदी, शाह, नड्डा के बड़े कटआउट लगे

भोपाल में जेल रोड स्थित विधायक विश्राम गृह के पास नव नियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के वर्तमान सरकारी आवास के आसपास गाड़ियों की कतार लगी थी। पुलिस कंट्रोल रूम के चौराहे पर केंद्र सरकार की योजनाओं के पोस्टर लगे थे। थोड़ी ही दूर आयोजन स्थल पर पीएम नरेंद्र मोदी के साथ राज्यपाल मंगू भाई पटेल, बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े कटआउट लगे नजर आए।

### शिवराज पहुंचे तो पंडाल में गूंजने लगे नारे

सुबह 11:21 बजे : पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की एंट्री होती है। उनके साथ केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, नरेंद्र सिंह तोमर भी मंच पर पहुंचे। जैसे ही शिवराज ने हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन किया, पंडाल से नारे गूंजने लगे- बहनों का भाई कैसा हो, शिवराज भैया जैसा हो।

मंच पर नवनियुक्त मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यपाल मंगू भाई पटेल प्रधानमंत्री के बगल में ही खड़े थे। तभी पीएम मोदी ने राज्यपाल को बीच वाली कुर्सी पर बैठने का इशारा किया। फिर मुख्यमंत्री मोहन यादव का हाथ पकड़कर बाईं तरफ की कुर्सी दिखाई। राज्यपाल बीच में रहे और मुख्यमंत्री उनके बाईं तरफ जबकि प्रधानमंत्री दाईं तरफ खड़े हुए। पुलिस बैंड पर राष्ट्रगान के साथ ही औपचारिक तौर पर शपथ ग्रहण समारोह शुरू हुआ।

### राजभवन में एक घंटे चली मीटिंग

मोतीलाल नेहरू स्टेडियम से रवाना होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल मंगु भाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ राजभवन पहुंचे। यहां करीब एक घंटे तक बैठक हुई। इसके बाद प्रधानमंत्री 1:40 बजे राजभवन से स्टेट हैंगर के लिए रवाना हो गए।

# जंगली जानवरों का शिकार करने वाली बंदूक से हत्या

## तालाब में फेंकी; खुद भी करता था शिकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में बेटी के प्रेमी के पिता की हत्या करने का आरोपी शिकारी भी है। उसने कई बार जंगली जानवरों का शिकार किया है। आरोपी ने जानवरों का शिकार करने वाली बंदूक से ही फायरिंग की थी। हत्या के बाद बंदूक तालाब में फेंक दी और जंगल में छिप गया।**

ये खुलासा पुलिस पूछताछ में आरोपी ने किया है। इधर, तीन दिन बाद भी घर से भागे युवक और नाबालिग लड़की का पता नहीं है। वहीं, वारदात के दो दिन बाद भी गांव में मातम है।

जबलपुर के चरगवां थाना इलाके के सुनवारा गांव में रविवार रात श्याम सिंह पटेल (46) ने धन सिंह (41) की गोली मार कर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद आरोपी जंगल की ओर भाग गया। सोमवार दोपहर उसे पकड़ा गया। उसे शक है कि उसकी बेटी को धन सिंह का बड़ा बेटा भगा ले गया है।

### जानवरों को भगाने के लिए रखे थे अवैध बंदूक

पूछताछ के दौरान आरोपी श्याम सिंह ने बताया कि जंगली जानवरों का शिकार करने के लिए बिना लाइसेंसी भरमार बंदूक रखी थी। यह बंदूक कई साल से है। दरअसल, जंगल से लगा ही उसका खेत है। खेत में अक्सर जंगली जानवर आ जाते थे। इस कारण वह जंगली जानवरों का शिकार भी करता था। उसने कई जानवरों का शिकार किया है।

### हत्या के बाद जंगल में छिप गया था आरोपी

हत्या के बाद आरोपी श्याम सिंह मोटरसाइकिल से नहर की तरफ भागा। बंदूक को तालाब में फेंक कर सुनवारा के जंगल में छिप गया। घना जंगल और घाटी होने के कारण पुलिस को उसे तलाश करने में समस्या आ रही थी। श्याम सिंह ने बंदूक को जंगल में स्थित तालाब में फेंक दिया था। एएसपी ने बताया कि जंगल सिवनी-नरसिंहपुर जिले की सीमा को छूता है।

## मेडिकल कॉलेज के डीन को घर में घुसकर पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम।** रतलाम मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को बड़ा मामला सामने आया है। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिंह बघेल सहित तीन डॉक्टर्स ने मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता के घर में घुसकर ही मारपीट कर दी। डॉक्टर इस बात से नाराज थे कि डीन शराब के नशे में थे, साथी डॉक्टर की पत्नी को ही प्राइवेट रूम देने से मना कर दिया।

इधर, डीन का कहना है कि इलाज के लिए दूसरे अच्छे इंतजाम कर रखे थे। बहरहाल, मारपीट करने वाले डॉक्टर्स पर प्रकरण दर्ज हो गया है। अब बुधवार से डीन के खिलाफ मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर हड़ताल पर रहेंगे।

दरअसल, मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राहुल मेडा की पत्नी की डिलीवरी मेडिकल कॉलेज में हुई। प्राइवेट रूम अलॉट कर दिया। यहां से विवाद की शुरूआत हो गई। मेडिकल कॉलेज के डीन का कहना है कि बिना पूर्वानुमति के प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट कर दिया। प्राइवेट वार्ड लंबे समय से बंद है, सुविधा नहीं होने से प्रसूति वार्ड में शिफ्ट होने का बोला।

# फौजी बेटे ने माता-पिता को पीटा, पेशाब पिलाई

## रातभर घर से बाहर रखकर ठंडा पानी डालता रहा, ग्रामीणों ने बचाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बैतूल। बैतूल में फौजी बेटे ने बूढ़े माता-पिता से मारपीट की। रात भर ठंड में घर से बाहर रखा। उन पर पानी डालता रहा। जब पिता ने पीने के लिए पानी मांगा तो उन्हें पेशाब पिला दी। जी नहीं भरा तो पिता की मूंछें काट दीं।**

मामला रविवार रात को मुलताई क्षेत्र के ग्राम टेमझिरा (ब) का है। ग्रामीणों ने बुजुर्ग दंपती को मुलताई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। मंगलवार शाम को उन्हें बैतूल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पिता सर्जिकल वार्ड और मां ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है। पुलिस ने आरोपी बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बुजुर्ग दंपती का कहना है कि बेटा 65 लाख रुपए मांग रहा है। हमारी चार एकड़ जमीन बेचने के लिए दबाव बना रहा है।

### पिता बोले- बेटा रातभर डंडे से मारता रहा

पीड़ित पिता ने बताया, छोटा बेटा आर्मी में है। छुट्टी पर घर आया है। 10 दिसंबर की रात को शराब पीकर घर आया। उसने हमसे रुपए मांगे। रुपए नहीं दिए तो पत्नी और मुझसे मारपीट की। घर से बाहर निकाल दिया। हमारे बिस्तर पर भी पानी डालकर गीला कर दिया। इसके बाद हम दोनों पर ठंडा पानी डालता रहा। रातभर डंडे से मारता रहा। मारते हुए दोहराता- क्यों चोट लग रही है या नहीं लग रही। पिटाई से बदहवास होकर जब मैंने पानी मांगा तो उसने एक बाल्टी में पेशाब कर दी और वही मुझे पिला दिया। इसके बाद उसने मेरी मूंछें भी काट दीं।

### गांववालों ने दंपती को बेटे से बचाया

दंपती का बड़ा बेटा नैनपुर में रहता है। घटना के बारे में पता चलते ही वह माता-पिता से मिलने आया। उसने बताया, मुझे गांववालों से पता चला है कि रविवार देर रात मां भाई से बचकर गांव की तरफ भागी। ग्रामीणों की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने मां को बचाया और कपड़े दिए। इसके बाद सुबह पिता को मुलताई थाने लेकर गए। बुजुर्ग पिता की हालत ज्यादा खराब है। उन्हें डॉक्टरों ने सर्जिकल वार्ड में रखा है।

### कानपुर में पोस्टेड है आरोपी बेटा

बुजुर्ग दंपती के दो बेटे और तीन बेटियां हैं। बड़ा बेटा नैनपुर में ठेके पर खेती लेकर गुजर बसर करता है। तीनों बेटियों की शादी हो गई है। बड़ी बेटी माता-पिता के पास अस्पताल में है। उसने बताया कि छोटा भाई उत्तर प्रदेश के कानपुर में 19 कुमाऊ रेजिमेंट में पोस्टेड है। उसकी अभी जनरल ड्यूटी है। तीन-चार दिसंबर को छुट्टी लेकर गांव आया है, तभी से माता-पिता के साथ मारपीट कर रहा है। उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# पाकिस्तान की सीमा से सटे वाडमेर और जालौन के अवैध हथियार खरीददार गिरफ्तार

## 7 पिस्टल और 10 कारतूस सहित बेचवाल, खरीददार और दलाल को बनाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** निमाड़ की पिस्तौल और तमंचे अब पाकिस्तान की सीमा तक सप्लाई होने लगे हैं। खंडवा की कोतवाली पुलिस ने पाकिस्तान की सीमा से सटे वाडमेर और जालौन जिले के खरीदारों को पकड़ा। उनसे सात पिस्टल भी बरामद हुई है। उनकी निशानदेही पर बुरहानपुर के सिकलीकर और दलालों को भी पुलिस ने धरदबोचा।

पुलिस को टीम बनाकर कड़क मेहनत करनी पड़ी। कड़कड़ाती ठंड के बावजूद पुलिस इनके पीछे लगी रही। अंत तक पीछे नहीं हटी, जब तक बेचवाल और खरीददार पकड़े नहीं गए।

### बड़े अफसर का सीधा हस्तक्षेप

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आरोपियों से 07 देशी पिस्टल एवं 10 जिन्दा कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस को पता चला था कि कुछ लोग पिस्टल खरीदीकर लेकर जाने वाले हैं। वह बाहर के हैं। जिनकी समय पर घेराबंदी कर नहीं पकड़ा गया, तो भाग सकते हैं।

मामला बड़ा था, इसलिए कोतवाली पुलिस टीआई बलराम सिंह राठौर ने एसपी और दोनों एएसपी को बताया। सबने मिलकर एक टीम बनाई और टारगेट में भिड़ गए।

### बैग खोला तो 7 पिस्टल मिली

टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी कर 02 व्यक्तियों को पकड़ा। इन व्यक्तियों ने अपना नाम देराराम पिता आदूराम जाति जाट उम्र 21 निवासी ग्राम आरवा, जिला जालौर राजस्थान एवं मीह पिता राणाराम सारण जाति जाट उम्र 20 साल निवासी ग्राम बैंड थाना सेठमा, जिला बाड़मेर राजस्थान का होना बताया। , जिनके बैग से 07 देशी पिस्टल एवं 10 जिन्दा कारतूस जप्त किए।

### बेचवालों तक ऐसे पहुंची पुलिस

पुलिस ने दोनों से पूछताछ की तो वे जल्दी ही टूट गए। बाद दोनों ने बताया कि खकनार बुरहानपुर के रहने वाले दलाल श्रीधर महाजन के मार्फत उक्त देशी पिस्टल एवं जिन्दा कारतूस रणवीर रणिया सिकलीगर निवासी ग्राम पाचौरी, खकनार, बुरहानपुर से खरीदना बताया।

बुरहानपुर के रहने वाले दलाल और एक राठौर उर्फ रणिया सिकलीगर को भी प्रकरण में आरोपी बनाया है। इन पर कोतवाली खंडवा ने अपराध क्रमांक 977/23 धारा 25 (1-बी) (ए) 25 (1) (बी) में अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया। इस मामले की जांच कर अदालत में सारी कथा पेश की जाएगी। इनका रिमांड लेकर और भी मामले उजागर हो सकते हैं। इसके प्रयास भी पुलिस कर रही है।

**पुराने रिकॉर्डधारी हैं आरोपी-** पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि आरोपी देराराम लेगा का धार्मिक भावनाओं आहत करने एवं अवैध हथियार रखने तथा आरोपी लक्ष्मण सिंह सारण का कार डकैती के अपराध दर्ज होकर शातिर आदतन अपराधी हैं।

Jammu Kashmir

# राजोरी में सरकार ने वन रक्षकों को भी थमाए हथियार, अब आतंकियों का कर सकेंगे सफाया

जम्मू, (एजेंसी) जंगलों में बढ़ती तस्करी व आतंकी घटनाओं के बाद सरकार ने फॉरेस्ट प्रोडक्शन फोर्स (एफपीएफ) को भी हथियारों से लैस कर दिया है। अब वन रक्षक न सिर्फ मुस्तैदी से वनों की रक्षा करेंगे बल्कि आतंकियों का सफाया भी कर सकेंगे।



असिस्टेंट डायरेक्टर मासूद अहमद ने बताया कि पिछले कुछ समय से राजोरी में आतंकी घटनाएं बढ़ी हैं। इससे जंगलों की सुरक्षा प्रभावित हो रही थी। अब सरकार ने फॉरेस्ट प्रोटेक्शन फोर्स के कर्मचारियों को हथियार थमा दिए हैं। पहले फोर्स के पास हथियार नहीं थे। अब वे हथियार लेकर जंगलों में गश्त कर रहे हैं। इससे वह सही ढंग से जंगलों की रक्षा कर रहे हैं। हथियारों से लैस कर्मी अब गश्त से दौरान कुछ संदिग्ध दिखने पर डटकर मुकाबला भी कर सकेंगे। वहीं, एफपीएफ को जंगली क्षेत्रों की ज्यादा जानकारी होती है। फॉरेट प्रोटेक्शन फोर्स के असिस्टेंट डायरेक्टर मासूद अहमद ने बताया कि पहले एफपीएफ के पास जंगलों के संरक्षण के लिए हथियार नहीं थे। अब एफपीएफ निडर होकर अवैध कटान रोक सकेंगे। किसी तरह की देश विरोधी गतिविधि होगी तो उसका भी मुकाबला कर सकेंगे। जवान वाइल्ड लाइफ विभाग, फॉरेस्ट विभाग, सॉयल कंजर्वेशन और सोशल फॉरेस्टरी विभाग की भी मदद कर रहे हैं।

Uttarpradesh

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर युवक और युवती ने गाड़ी के आगे कूद कर दी जान

**बाराबंकी, (एजेंसी)** बाराबंकी जिले में हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर एक युवक और युवती ने वाहनों के आगे कूदकर कर आत्महत्या कर ली। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों ही हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर बलिया से लखनऊ जाने वाली लेन पर युवक और युवती के क्षत विक्षत शव पड़े होने की सूचना पर हैदरगढ़ कोतवाली मौके पर पहुंची। कोतवाली पुलिस ने दोनों के शव को शिनाख्त करने का प्रयास किया। पुलिस ने एक्सप्रेसवे पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला। जिसमें नजर आया कि रात में 11:57 पर एक लड़की तेज रफ्तार आ रही कार के आगे कूद जाती है। वही 12:08 पर युवक एक तेज रफ्तार ट्रक के आगे कूद जाता है। पुलिस ने कहा कि युवक की पहचान हो गई है। युवक की पहचान सुरेश कुमार रावत (20) पुत्र राममिलन निवासी कल्याणपुर अंसारी के रूप में की गई। युवती के शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे है। वह भी हैदरगढ़ क्षेत्र की बताई जा रही है।

Noida

## रोडवेज बस ड्राइवर की अचानक बिगड़ी तबीयत, ग्रेटर नोएडा में 4 लोगों को रौंदा

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में उस समय भीषण हादसा हो गया, जब एक रोडवेज बस ने सामने से आ रही दो बाइकों में टक्कर मार दी, जिसमें तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक शख्स का इलाज चल रहा है. ये हादसा बस ड्राइवर की तबीयत अचानक बिगड़ने की वजह से हुआ. बताया जा रहा है कि ड्राइवर को अचानक दौरा पड़ गया, जिसकी वजह से उसने बस पर अपना नियंत्रण खो दिया. जानकारी के मुताबिक, यूपी रोडवेज की एक बस बुधवार को नोएडा से दनकौर के रास्ते बुलंदशहर की ओर जा रही थी. जैसे ही बस दनकौर के श्यामपुर मंडी के पास पहुंची, बस ड्राइवर की अचानक तबियत बिगड़ गई. उसे दौरा पड़ा, जिसकी वजह से बस अनियंत्रित हो गई और उसने सामने से आ रही दो बाइकों में टक्कर मार दी. ये टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और एक शख्स का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

Bihar

## पटना में फैला साइबर ठगी का जाल, 7 लोगों से ऐंठे 11 लाख, ये हथकंडे अपना रहे जालसाज

**पटना, (एजेंसी)** राजधानी पटना में साइबर अपराधियों ने सात लोगों से करीब 11 लाख रुपये की ठग लिये। इसमें कुछ लोगों को लिंक भेजकर ठगी की गई है तो कुछ लोग गूगल पर नंबर खोजने के चक्कर में ठगी के शिकार हुए। इसको लेकर पीड़ितों ने साइबर थाना में केस दर्ज कराया है। स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है। दरअसल, कंकड़बाग के रहने वाले अनिल कुमार के मोबाइल पर साइबर ठगों ने बैंक का केवाईसी अपडेट करने के नाम पर एक लिंक भेजा था। वह झांसे में आ गए और लिंक पर क्लिक कर दिया। कुछ देर बाद उनके बैंक खाता से 47 हजार रुपये की निकासी हो गई। इसी प्रकार कुमार आनंद ने आइआरसीटीसी के कस्टमर केयर नंबर का पता करने के लिए गूगल पर सर्च किया था। इसके बाद साइबर अपराधियों ने उन्हें अपने चंगुल में फंसाया और उनके खाते से 86 हजार रुपये गायब कर दिए। राजेंद्र नगर के रहने वाले कृष्णा कुमार एक चिकित्सक के पास नंबर लगाने के लिए गूगल पर उनका नंबर खोजने लगे। अस्पताल का जो नंबर मिला वह शातिरों का था।

खेल

# भारत के लिए आज 'करो या मरो' का मुकाबला, हारे तो द. अफ्रीका से आठ साल बाद गंवाएंगे सीरीज

**जोहानिसबर्ग (द. अफ्रीका), (एजेंसी)** भारतीय टीम का दक्षिण अफ्रीका पर टी20 में पिछले पांच वर्षों से चला आ रहा वर्चस्व खतरे में है। दूसरा टी20 हारने के बाद 0-1 से पिछड़ी भारतीय टीम के सामने गुरुवार को तीसरा और अंतिम मैच जीतना जरूरी है। इस मैच को जीतने पर भारत 1-1 से सीरीज बराबर करने में कामयाब हो जाएगा। अगर उसके हिस्से में हार आई तो टी20 में आठ साल बाद उसे दक्षिण अफ्रीका के हाथों हार मिलेगी। दक्षिण अफ्रीका अंतिम बार 2015-16 में भारत में हुई टी20 सीरीज 2-0 से जीता था। भारत अब तक द. अफ्रीका में एक भी तीन मैचों की टी20 सीरीज नहीं हारा है।

गकेबरहा के सेंट जॉर्जेस पार्क स्टेडियम में खेले गए दूसरे टी20 में भारतीय गेंदबाजों का दयनीय प्रदर्शन रहा। अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। दोनों ने 15.50 और 11.33 रन प्रति ओवर की




इकोनॉमी से रन दिए। पिता के अस्वस्थ होने के चलते नहीं खेल रहे दीपक चाहर की कमी खली।

अर्शदीप ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 में शानदार अंतिम ओवर फेंका था, लेकिन उनमें निरंतरता की कमी रही है। एक साल चार महीने बाद अंतरराष्ट्रीय टी20 खेल रहे रवींद्र जडेजा भी दूसरे टी20 में उम्मीदों पर खरे नहीं उतरे। उन्हें भी अंतिम मैच में अच्छी फॉर्म हासिल करनी होगी। मुकेश को अपनी गति और बढ़ाने की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने चार विकेट जरूर लिए, लेकिन 9.12 रन प्रति ओवर भी दिए।

ओपनर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल दूसरे मैच में पिच के उछाल से तारतम्य नहीं बिठा पाए। दोनों बल्लेबाज बिना खाता खोले आउट हुए। भारत को अगर सीरीज बराबर करनी है तो ओपनिंग जोड़ी का चलना जरूरी है। ऋतुराज गायकवाड़ बीमार हैं। अगर वह ठीक होते हैं तो उन्हें ओपनिंग में मौका दिया जा सकता है। इसके अलावा जितेश की जगह बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन खेल सकते हैं। वहीं, तिलक की जगह श्रेयस अय्यर और कुलदीप की जगह रवि बिश्नोई को मौका दिया जा सकता है।

अच्छी बात यह है कि भारत का क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में इस मैदान पर प्रदर्शन अच्छा रहा है। भारत ने इस मैदान पर चार टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उसे तीन में जीत मिली है और एक में हार का सामना करना पड़ा है। दोनों ही टीमों के पास इसके बाद विश्व कप की तैयारियों के लिए सिर्फ चार टी20 शेष हैं।

दूसरे टी20 में सकारात्मक पक्ष रिंकू सिंह और कप्तान सूर्यकुमार यादव की बल्लेबाजी रही। दोनों बल्लेबाजों ने 68 और 56 रन की पारियां खेलीं। रिंकू सिंह का यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहला अर्धशतक रहा। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से टी-20 विश्व कप के लिए फिनिशर के तौर पर मजबूती से दावा ठोक दिया है। रिंकू ने तो दूसर मैच में इतना बड़ा छक्का लगाया कि उसने मीडिया बॉक्स के शीशे को भी तोड़ दिया।

सिनेमा

## ‘इश्क’ फेम सदाशिव अमरापुरकर के घर में लगी आग, धुआं-धुआं हुए चार फ्लैट





हिंदी सिनेमा के जाने-माने कलाकार रहे सदाशिव अमरापुरकर के घर को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है. बुधवार को एक्टर के घर आग लगने से चारो ओर हड़कंप मच गया. घटना अहमदानगर के सुमन अपार्टमेंट की है. बिल्डिंग में शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लग गई थी, जिसकी वजह से वहां मौजूद सारा सामान भी जलकर खाक हो गया. 13 दिसंबर यानी बुधवार को करीब 2 बजे सदाशिव अमरापुरकर के घर पर आग लगने की खबर ने फैंस को परेशान कर दिया. शॉर्ट सर्किट की वजह से जब आग लगी, तो उनके घर पर कई लोग मौजदू थे. राहत की बात ये रही कि आग के तुरंत बाद फायग ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया. फायर ब्रिगेड की टीम ने वहां पहुंचकर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया.

आग लगने से कुछ जाल-माल को नुकसान हुआ है. वहीं धुएं की वजह से एक महिला की तबीयत भी खराब हो गई, जिसे फौरन अस्पताल पहुंचाया गया. हालांकि, अब उसकी हालत ठीक है.

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

## आदमी का भीतरी खालीपन केवल दो चीजों से भरा जा सकता है, प्रेम और त्याग से।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

# संपादकीय

## हैरानी वाले निर्णय

भाजपा ने तीन राज्यों में बिना किसी मुख्यमंत्री के चेहरे के चुनाव लड़ा था। मध्यप्रदेश में जरूर उसकी सरकार थी, मगर शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं किया था। इस तरह पहले से तय था कि वहां नेतृत्व परिवर्तन होगा। नए चेहरे को आगे करने का फायदा यह भी मिलता है कि पहले के नेतृत्व के साथ जो कुछ अनियमितताएं, खराब नीतियां और फैसले जुड़े होते हैं, वे हाशिये पर चली जाती हैं। भाजपा की विजय के पीछे शिवराज सिंह चौहान के कामकाज और योजनाओं का बड़ा हाथ माना जा रहा था। केंद्र से मंत्री पद छोड़ कर गए नेताओं में से किसी को पुरस्कृत करने की भी चर्चा चल रही थी। मगर वहां मोहन यादव को सूबे की जिम्मेदारी सौंप कर भाजपा ने सबको चौंका दिया। छत्तीसगढ़ में हालांकि विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री पद की दौड़ में शामिल माना जा रहा था, इसलिए उनके चुनाव पर लोगों को उतनी हैरानी नहीं हुई। मगर राजस्थान और मध्यप्रदेश की कमान बिल्कुल अल्पज्ञात नेताओं को सौंप कर भाजपा नेतृत्व ने लोगों को विस्मित कर दिया। हालांकि इससे पहले भी गुजरात, उत्तराखंड, हरियाणा आदि राज्यों में भाजपा इसी तरह के साहसिक और चौंकाने वाले फैसले कर चुकी है। इसकी कुछ वजहें स्पष्ट हैं। आमतौर पर राजनीतिक दल नेताओं की वरिष्ठता और अनुभव आदि को ध्यान में रख कर मुख्यमंत्री, मंत्री और अन्य पदों पर उनकी नियुक्तियों का फैसला करते हैं। मगर भाजपा इस फामूलें पर नहीं चलती। उसके लिए संगठन सर्वोपरि है। जो संगठन के लिए निष्ठावान कार्यकर्ता की तरह काम करता है, उसे पुरस्कृत किया जाता है। संगठन में खेमेबंदी करने वालों को प्राय: किनारे कर दिया जाता है। इसी का दंड शायद शिवराज सिंह चौहान और वसुंधरा राजे को भुगतना पड़ा है। राजस्थान में वसुंधरा राजे ने मान लिया था कि उनकी अगुआई के बिना भाजपा का चुनाव जीतना मुश्किल होगा। फिर केंद्रीय नेतृत्व के साथ उनके रिश्ते भी मधुर नहीं थे। मगर जब राजस्थान में भाजपा चुनाव जीत गई, तो उन्होंने अपने खेमे के नेताओं की लामबंदी शुरू कर दी और इस तरह दबाव बनाने का प्रयास किया कि मुख्यमंत्री का पद उन्हें ही मिलना चाहिए। मगर भाजपा ने भजन लाल शर्मा को आगे करके स्पष्ट संदेश दे दिया है कि खेमेबंदी करने वालों की संगठन में कोई अहमियत नहीं है। मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान के बारे में भी यही माना जा रहा था कि वहां उनका कोई विकल्प नहीं हो सकता। छत्तीसगढ़ में रमन सिंह अपने पुराने कार्यकाल के दागों से मुक्त नहीं थे, इसलिए उनकी दावेदारी वहां थी ही नहीं।

# कुछ अनकही...!

## हो सकता है मैं कभी प्रेम ना जता पाऊं तुम्हे...

हो सकता है... मैं कभी प्रेम ना जता पाऊं तुमसे..
लेकिन कभी
तुम्हे देर हो रही हो ऑफिस के लिए
और मैं आलू का पराठा लिए तुम्हे खिलाने को भागूँ तुम्हारे पीछे पीछे तो..
समझ जाना तुम..
तुम्हारी फाइल्स, वॉलेट, रुमाल.. गाड़ी की चाभियां
जब मिल जाये तुम्हे एक जगह व्यवस्थित तो
समझ जाना तुम...
जब तुम्हारी छोटी सी नाराजगी पर नम हो जाये मेरी आँखें
तो उन आंसुओ को देखकर
समझ जाना तुम...
तुम्हारा मनपसन्द खाना जो मुझे बनाते नही आता था..
कभी मेज़ पर सजा हुआ देखो तो
समझ जाना तुम...
तुम घर से दूर हो और मैं हर थोड़ी देर में..
किसी अजीबोगरीब बहाने से करती रहूँ तुम्हे कॉल तो
समझ जाना तुम...
कोई बुजुर्ग जब हमें दे 'जोड़ी बनी रहे' का आशीष
उस वक़्त मेरी मुस्कुराहट को देखकर
समझ जाना तुम...
तुम हो उदास ..परेशान परिस्थिति ना हो हमारे अनुकूल
तब मैं बिना कुछ कहे रख दूँ तुम्हारे हाथ पर अपना हाथ तो समझ जाना तुम...
कहीं बाहर जाना हो हमे
और मैं पहनूं तुम्हारे दिलाये हुए पसन्दीदा झुमके तो
समझ जाना तुम....
तुम्हे देखते हुए कभी लिखूं कोई ग़ज़ल ..
तो उसमें अपने ज़िक्र को पढ़कर
समझ जाना तुम...
यूं ही कभी हो जाये हमारी अनबन
और मैं गुस्से में कह दूँ कि नहीं करती तुमसे प्यार..
तो मेरे कांपते होंठो को देखकर
समझ जाना तुम....
हो सकता है मैं कभी प्रेम ना जता पाऊं तुम्हे...

(सोशल मीडिया से साभार..)

## अर्ज किया है..!

आज लफ्जों को मैंने
शाम की चाय पे बुलाया है...
*बन गयी बात तो
ग़ज़ल भी हो सकती है...!!!*

हम सुधर गए तो
उन का क्या होगा
जिनको हमारी शरारतों
से इश्क है

## Highlights

- **Parliament Security Breach: Intruders Inspired by Bhagat Singh**
- **Direct taxes reach 58% of budget target**
- **Allahabad University student makes bomb in hostel, injured as it explodes in hand**
- **Chennai oil spill spreads over 20 sq km into sea**
- **Parliament security breach accused met online, stayed at Gurugram flat together: Reports**
- **3 killed, 30 injured as water tank collapses at Bardhaman railway station**
- **'Win or lose, we must keep trying,' said Parliament intruder on Insta before breach**

# Deadline for Aadhaar details update extended to March 14, 2024. How to change address

**NEW DEIHI, (Agency).** The deadline to make document updates to Aadhaar Card for "free", has been extended by three more months to 14 March 2024. The Unique Identification Authority of India (UIDAI) had earlier set the deadline of December 14, i.e Thursday. The government body has urged people to apply for document updates, if they need to make changes in their address in Aadhaar Card.

UIDAI released an "office memorandum" which read: "Based on the positive response from the residents, it is decided to extend the facility for 3 more months i.e. from 15.12.2023 to 14.03.2024. Accordingly, the facility for document update shall continue to be free of cost through myAadhaar portal at https://myaadhaar.uidai.gov.in/ up to 14.03.2024."

The updates can be made through online mode and offline mode. In offline mode, you need to visit an Aadhaar centre to get the update done. A service fee of ₹ 50 will be charged for that.

Here the steps to update address in Aadhaar Card by online mode.




Step 1: Enter the Aadhaar self-service update portal at: https://myaadhaar.uidai.gov.in/portal

Step 2: Click on "Document update" option and then "Click To Submit"

Step 3: Log in using your Aadhaar number and OTP(One-time password) received on your registered mobile number.

Step 4: If you have a valid address proof, click on 'Proceed to Update Address.'

Step 5: Enter your 12-digit Aadhaar number and click 'Send OTP.'

Step 6: Enter the OTP to log in to your Aadhaar account.

Step 7: Enter the new address by selecting the 'update address via address proof' option or by using the 'Update Address via Secret Code' option

Step 8: Enter your residential address as mentioned in the 'Proof of Address' document.

Step 9: Choose the document type for address proof.

Step 10: Upload a scanned copy of the address proof document and click on 'Submit.'

Step 11: The Aadhaar update request will be accepted, and a 14-digit Update Request Number (URN) will be generated.

How to check the status after updating the address online:

1) You can check the update status using the 14-digit Update Request Number (URN)

2) After the update status shows as 'complete', residents can download the updated Aadhaar card and get a printout.

# IKEA reveals online, offline plan for Gurugram, to start delivery from...

**NEW DEIHI, (Agency)** Furniture retailer Ikea will start delivering its products in Gurugram through the online mode next year, Susanne Pulverer, the company's CEO for India, said in an interview.

The Swedish giant said it is planning an offline store in Haryana's most prosperous city two years later.

Currently, Ikea delivers product in Hyderabad, Pune, Mumbai, Bengaluru, Pune,




Ahmedabad, Surat and Vadodara. With this, Gurugram will become the first north Indian city to receive the furniture seller's delivery services.

The CEO revealed her plan to Business Standard at an event in the national capital.

"We are looking to open the offline store within the next two years and online sales in the next one year," she said.

The company has five stores in India and has announced two more stores in Delhi and its surrounding areas.

She, however, didn't reveal any timeline for the Noida store.

Bengaluru woman wins ₹3k relief after suing Ikea for charging ₹20 for carry bag: Report

The company is planning to allow e-commerce in locations where it has stores.

She also said that IKEA is planning to increase sourcing from within India.

She said India is one of the company's priority markets in the world.

IKEA sources 30 percent of its products from India.

# सिर कुचलकर हत्या

## ◆ बिरयानी लेने गया था मृतक, लाश मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के नायता मुंडला बायपास स्थित होटल में बिरयानी लेने गए एक अधेड़ की कुछ बदमाशों ने पत्थर से सिरकुचलकर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही जोन-1 के एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा तुरंत मौके पर पहुंचे और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है।**

जोन-1 के एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा ने बताया कि घटना नायता मुंडला स्थित बायपास पर बुधवार रात हुई। बायपास स्थित शराब की दुकान के पास ही स्थित केजिएन होटल में गोपाल पंवार उर्फ भवानी (45) बिरयानी लेने पहुंचा था। बिरयानी लेकर वह लौट रहा था तभी कुछ लोगों से उसका विवाद हो गया। विवाद के बाद आरोपियों ने पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर दी और घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिले ही पुलिस के वरिष्ठ अफसर बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया।

एडिशनल डीसीपी जोन -1 आलोक शर्मा ने बताया कि मृतक गोपाल पंवार पन्नी बिनने का काम करता है। बुधवार को वह बिरयानी लेने होटल पर गया था इसी दौरान विवाद के बाद उसकी हत्या कर दी गई। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस अब आरोपियों की तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि सीसीटीवी में हत्याकांड की तस्वीरें कैद हुई हैं और पुलिस अब आरोपियों की जानकारी जुटा जल्द ही उन्हें गिरफ्तार करने की बात कह रही है।

## बुजुर्ग पर चाकू से हमला

**इंदौर**। शराब के लिए रुपए नहीं देने पर दो बदमाशों ने एक बुजुर्ग को चाकू मारकर घायल कर दिया। बुजुर्ग घर जा रहे थे तभी आरोपी आए और उनकी गाड़ी रुकवाई। मामले में शिकायत पर लसूडिया पुलिस अज्ञात बदमाशों की तलाश में जुटी है। लसूडिया पुलिस ने फरियादी हरिश बत्रा (64 साल) निवासी हरेकृष्ण विहार कॉलोनी की शिकायत पर अज्ञात दो व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार फरियादी शाम के समय गाड़ी से घर जा रहे थे। फूड एक्सप्रेस रेस्टोरेंट के पास निपानिया के यहां पीछे से दो लोग गाड़ी लेकर आए और उन्हें रोका। उसमें से एक व्यक्ति ने उनसे शराब पीने के लिए पैसे मांगे और धमकी देने लगा। फरियादी ने पैसे नहीं होने की बात कही तो उनके साथ मारपीट की जिससे वे गाड़ी सहित नीचे गिर गए। इसके बाद दूसरे साथी ने चाकू निकाला और हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने धारा 307, 323, 327 के तहत आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## 36 घंटे बाद मिला तालाब में कूदी युवती का शव

**इंदौर**। समीपस्थ औद्योगिक नगरी पीथमपुर के बगदून थाना क्षेत्र के बगदून तालाब में दो दिन पहले तालाब में कूदी युवती का शव गोताखोरों की मदद से आज सुबह बरामद किया गया। उप निरीक्षक लोकेंद्र चौधरी ने बताया कि 19 वर्षीय युवती बगदून के पास कालोनी में अपनी बड़ी बहन के पास रह कर कंपनी में मजदूरी का काम करती थी। उसने दो दिन पूर्व अचानक तालाब में छलांग लगा दी थी। प्रत्यक्षदर्शियों से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने स्थानीय लोगों और गोताखोरों की मदद से तालाब में युवती की तलाश प्रारंभ की। करीब 36 घंटे की कोशिश के बाद शव को तालाब से निकाला गया। इसके बाद पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पीथमपुर भेजा गया। युवती धार जिले के गंधवानी क्षेत्र की रहने वाली थी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## बाइक चोर को एक साल की सजा

**इंदौर**। छह माह पहले मोटरसाइकल चुराने के मामले में प्रथम श्रेणी न्यायाधीश पंकज कुमार श्रीवास्तव ने आरोपी अनिल उर्फ अन्नू जमरा निवासी धार को एक साल की सजा और 500 रुपए अर्थदंड दिया है। अभियोजन के अनुसार, फरियादी कृष्णलाल कोचले ने भंवरकुआ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह 7 जून को सुबह 5.20 बजे अपनी बाइक क्रमांक एमपी-09-क्यूवी-2111 को नायता मुंडला स्थित आरटीओ रोड पर खड़ी कर गया था। वह बस ड्राइवर करता है। शाम चार बजे वहां स्थान पर पहुंचा तो बाइक वहां नहीं मिली। काफी देर तक तलाश करने के बाद पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में साक्ष्य के साथ चालान पेश किया था। साक्ष्य को विश्वसनीय मानते हुए कोर्ट ने उक्त सजा सुनाई।

## फिर नोटिस देगा निगम

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव के पहले निगम ने शिवाजी मार्केट के दुकानदारों को बेदखली का नोटिस जारी किया था। नोटिस के बाद दुकानदारों ने दबाव प्रभाव बनाकर कार्रवाई रुकवा दी। चुनाव निपटते ही निगम में कामकाज सामान्य हो गए। अब एक बार फिर दुकानदारों को नोटिस दिया जाएगा। यहां 49 से अधिक दुकानें संचालित होती है। इन दुकानदारों को नंदलालपुरा स्थित काम्प्लेक्स में स्थान दिया जाना प्रस्तावित है। दुकान के स्थान पर निगम सडक़ बनाएगा।

## कंपनी में जमा नहीं करवाए रुपए

**इंदौर**। अन्नपूर्णा थाना पुलिस ने फरियादी सिद्धार्थ पटवर्धन (46 साल) निवासी टेक्नो आईटी पार्क बोरीवली मुंबई की शिकायत पर आरोपी तुषार केरकर निवासी इंदौर के खिलाफ धारा 408 के तहत केस दर्ज किया है। घटना 2134डी सुदामा नगर की है। आरोपी ने ग्राहकों से नकद रुपए लेकर किसी दूसरे खाते में डाल दिए और कंपनी में जमा नहीं करवाए। जिससे कंपनी की छवि धूमिल हुई। मामले में पुलिस अब जांच कर रही है। आरोपी ने कितने का लेन-देन किया है। इसके लिए बैंक अकाउंट की जांच की जा रही है।

## घर का ताला तोड़ा

**इंदौर**। गांधी नगर पुलिस ने बताया कि फरियादी कुनाल उम्र 23 साल निवासी नैनोद मल्टी गांधी नगर की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज किया है। बदमाश घर का ताला तोडक़र नकदी और सोने के टाप्स चुरा ले गए।

## 11वीं के छात्र ने की खुदकुशी

**इंदौर**। 11वीं कक्षा के छात्र ने फांसी लगाकर जान दे दी। मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र के नगीन नगर का है। यहां रहने वाले विनय पिता राजू पाल (17 साल) ने फांसी लग ली। उस समय घर पर कोई नहीं था। राजू के पिता जेसीबी चालक हैं। मां लक्ष्मीबाई काम पर गई थी। पुलिस सुसाइड के कारणों का पता कर रही है।

## बाइक लूट के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। नशे की लत पूरी करने के लिए फूड डिलीवरी बाय ने पैसे नहीं दिए तो उसकी बाइक छीनकर ले गए। घटना को दो बदमाशों ने अपने नाबालिग साथी के साथ अंजाम दिया था। इस दौरान डिलीवरी बाय को जांघ में चाकू भी मारा था। मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है।**

टीआई राजेश साहू को फरियादी भारत वास्कले निवासी पवनपुरी कालोनी पालदा ने बताया कि वह जोमेटो कंपनी में डिलीवरी बाय का काम करता है। थाना क्षेत्र की हाईलिंक सिटी छोटा बांगड़दा में डिलीवरी देने 11 दिसम्बर की रात 10 बजे आया था। डिलीवरी देकर जब वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी-09-एनक्यू-3505 से घर लौट रहा था। कुछ दूर जाने पर उसे बाइक पर आए तीन बदमाशों ने रोका और नशा करने के लिए अवैध रूप से रुपए की मांग करने लगे। मेरे द्वारा मना करने पर बदमाश ने जांघ पर चाकू मारा और बाइक लेकर भाग निकले। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ लूट का केस दर्ज कर लिया था।

### बाइक नंबर बना आधार

पुलिस को फरियादी ने बदमाशों की बाइक का नंबर बता दिया था। इस नंबर को आरटीओ से पता कर आरोपी के घर का पता लगा दिया। घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज में भी बाइक सवार बदमाशों को हुलिए नजर आए थे। इसी आधार पर पुलिस ने आरोपी गौतम मेहता निवासी हुजूरगंज, शुभम सचान निवासी अंबिकापुरी कालोनी तथा उनका नाबालिग साथी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से लूट एवं चोरी के अन्य मामलों में भी पूछताछ की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक